मध्य प्रदेश को चीनी का आवंटन

*696. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामलें और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश को माह अप्रैल और मई, 1994 के लिए कितनी-कितनी चीनी आवंटित की गई है ; और

(ख) आवंटित चीनी उचित दर की दुकानों पर उपभोक्ताओं को किस भाव से वितरित की जाती है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामलें और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री ए.के. एन्टनी) : (क) अप्रैल–मई, 1994 के दौरान मध्य प्रदेश को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए प्रतिमाह 25.03 हजार मी. टन लेवी चीनी का आवंटन किया गया है।

(ख) इस समय सभी राज्यों, जिनमें मध्य प्रदेश और संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं, में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित की जाने वाली लेवी चीनी का अन्तिम खुदरा मूल्य 9.05 रु. प्रति किलो ग्राम है।

Disparity in per capita income of urban and rural people

*697. SHRI BHUPINDER SINGH MANN: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAM ME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) what are the figures of per capita income for the urban and rural segments during 1993-94;

(b) the estimated figures for the same during 1994-95;

(c) what are the reasons of disparity between the incomes of urban and rural people;

(d) whether the inflow of foreign capital has been constantly on the rise in recent years; and

(e) if so, whether the per capita income of the rural and urban people is also expected to rise accordingly in 1994-95?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRIGIRIDHAR GOMANGO): (a)and(b) In 1980-81, the latest year for which the estimates are vailable, per capita income (per capita net domestic product) at current prices, in rural areas was Rs. 1245.3 and in urban areas was Rs. 2887.6. Estimates for the years 1993-94 and 1994-95 are not available.

(c) The per capita income of rural areas is comparatively lower as the average productivity of workers in rural areas is less than the average-productivity of workers in urban areas.

(d) and (e) Yes, Sir.

गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम और जीवन धारा योजना पर व्यय की गई राशि

*698. **श्री मूलचन्द मीणा :** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम और जीवन धारा योजना के अन्तर्गत गत वर्ष के दौरान कुल कितनी धनराशि व्यय की गई तथा उसके क्या परिणाम निकले ;

(ख) इन योजनाओं को पूरा करने के लिए राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है , और

(ग) किस-किस राज्य सरकार ने यह राशि इन योजनाओं पर खर्च न करके किन्हीं अन्य कार्यों पर खर्च की है, इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) 1993–94 के दौरान मुख्य गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों पर व्यय की गई कुल राशि तथा कार्यक्रमवार